दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

वर्ष-11, अंक-330 बुधवार 30 नवम्बर, 2022, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

## अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में संगोष्ठी का आयोजन

बल्लभगढ़, 29 नवम्बर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। मंगलवार को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में महिला प्रकोष्ठ द्वारा "अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस" के उपलक्ष में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता की सद्प्रेरणा से महाविद्यालय में अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। स्ववित्तिय संस्थान के प्रभारी डॉ० संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में यह व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के साथ-साथ स्वयं की सुरक्षा कैसे की जाए ? इस विषय में जागरूक करना था। अतिथि व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में इंस्पेक्टर सविता एवं एडवोकेट संगीता रावत उपस्थित रही। कार्यक्रम का आरंभ मधु सिंगला द्वारा किया गया। तत्पश्चात महिला प्रकोष्ठ की संचालिका एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ० रेनू माहेश्वरी ने पुष्प गुच्छ द्वारा अतिथियों का सम्मान करते हुए उन्हें व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया। एडवोकेट संगीता रावत ने सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं के साथ छेड़खानी एवं अन्य प्रकार की हिंसा पर लागू धाराओं के प्रावधान के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। इंस्पेक्टर सविता ने आभासी माध्यम द्वारा छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु एवं सरकार द्वारा बनाए गए नियमों, कानूनों व विषम परिस्थितियों में सहायता हेतु पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 और 1015 के बारे में बताया।